# राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में मनाया गया अमृत महोत्सव

भास्कर न्यूज़ | कनीना



राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में प्राचार्य डॉ. विक्रम यादव ने कहा पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव मनाया जाएगा। आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीरों की याद में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के कार्यक्रम 2022 के स्वतंत्रता दिवस से 75 सप्ताह पूर्व शुरू हो जाएंगे और वर्ष 2023 के स्वतंत्रता दिवस तक जारी रहेंगे। उन्होंने भारतीय इतिहास के बारे में छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया। प्रवक्ता राजेश ने राष्ट्रीय आंदोलन पर व्याख्यान देते हुए कहा आजादी की लड़ाई में जहां प्रारंभ में उदारवादी नेताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही है, वहीं 1920 के बाद मुख्य रूप से महात्मा गांधी के नेतृत्व में राष्ट्रीय आंदोलन चलाया गया। क्रांतिकारियों ने देश के लिए प्राणों का न्यौछावर कर सर्वस्व बलिदान करने के लिए प्रेरित किया। सुभाष चंद्र बोस की भारतीय राष्ट्रीय सेना ने देश की जनता को आजादी के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया, किंतु शहीदों और क्रांतिकारियों की तुलना में भी उन अज्ञात वीर शहीदों एवं आंदोलनकारियों का योगदान कम नहीं है। डॉ. सीमा देवी ने भारतीय संस्कृति के विषय में व्याख्यान दिया। इस अवसर पर निबंध लेखन स्पर्धा में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी दौरान डॉ. सुधीर के निर्देशन में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत गतिविधियों में लिया। इस अवसर पर डॉ. कांता, नीतू, कविता, धनेश, सोमेश, अनिल, कंवर सिंह, मोनू यादव, पूनम उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर

दिनांक 13/03/2021